आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 08.06.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका तय की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिख समाज के हितों की रक्षा तथा उनके धार्मिक स्थलों के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा चरम पर। मुख्यमंत्री ने कहा– श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है।
- प्रदेश में बढ़ते कोविड मामलों के बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने लोगों से कोविड गाइडलाइन का पालन करने का आग्रह किया है।

सरकार के 11 साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल–– हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर पर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है।

नारी शक्ति पर आकाशवाणी द्वारा प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–––

सीएम ऑन सुशासन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में देश ने महत्वपूर्ण बदलाव देखे हैं। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में श्री धामी ने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर और

विकसित देशों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे कई ऐतिहासिक फैसले लेकर भारत का गौरव बढ़ाया है।

'हिन्द दी चादर'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार सिख समुदाय के हितों की रक्षा तथा उनके धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित नाटक 'हिंद दी चादर' के मंचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नाटक के आयोजकों और कलाकारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस मंचन के माध्यम से युवा पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह नाटक केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक सजीव प्रेरणा का स्रोत है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने करतारपुर कॉरिडोर, श्री हरमंदिर साहिब को एफसीआरए पंजीकरण, वीर बाल दिवस की घोषणा, 1984 के दंगा पीड़ितों को न्याय और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना जैसे फैसलों का जिक्र करते हुए उन्हें ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि गोविंद घाट से हेमकुंड साहिब तक के साढ़े 12 किलोमीटर लंबे रोपवे का कार्य पूरो होने पर श्रद्धालुओं की यात्रा 45 मिनट में पूरी होगी।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा चरम पर है। पिछले दिनों पर्वतीय इलाकों में हुई बर्फबारी और बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अब तक करीब 23 लाख श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब के दर्शन कर चुके हैं। आज पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश–विदेश से चारधाम यात्रा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम और बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है।

कोरोना

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्तमान में देश में कोविड के 6 हजार एक सौ 33 मामले सामने आए हैं, जबकि छह हजार से अधिक लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं। इस बीच प्रदेश में भी कोविड के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिलहाल प्रदेश में 30 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गये हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आंकड़े अभी चिंताजनक नहीं हैं, इसलिए अभी किसी को भी घबराने की जरूरत

नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोरोना की रोकथाम के लिए एसओपी भी जारी कर दी है। साथ ही प्रदेश के सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जाम

देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग उत्तराखंड का रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आवागमन से हरिद्वार, ऋषिकेश और राजधानी देहरादून में जाम की गंभीर स्थिति बनी हुई है। यह स्थिति प्रदेश के अन्य पर्यटक स्थलों पर भी देखने को मिल रही है। लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार ट्रैफिक डायवर्ट कर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहा है। पुलिस प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त फोर्स की तैनात भी कर दी है।

स्ट्रीट लाइट

नैनीताल जिले के हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में 21 सौ नई स्ट्रीट लाइटें लगने जा रही है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि लाइटें लगाने के लिए स्थानों को चिन्हित कर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक स्ट्रीट लाइटें न होने से अंधेरे में दुर्घटना का खतरा बना रहता था और पैदल चलने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते थे।